THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OP EXTERNAL AFFAIRS (SHRI HARI KISHORE SINGH): (a) Yes, Sir. Government of India have decided to allocate 150 additional seats in 6 private medical colleges in India for Malaysian students.

(b) Malaysian authorities have decided to upgrade their Institute of Medical Research to the level of a medical school; India has agreed to help in this.

(c) & (d) Suggestions for creation of additional seats with necessary infrastructure have been received from the Malaysians and are under consideration of the Government.

(e) Yes, Sir. Malaysian Government has requested for recruitment of doctors and medical specialists. Malaysian authorities have confirmed that the terms and conditions applicable would be the same as for those recruited from other counrties.

चंडीगढ़ में आतंकवादी हिंसा

1772. श्री गुफरान आजम : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चंडीगढ़ में जनवरी, 1990 में हुई आतंकवादी हिंसा की कितनी घटनाएं हुई हैं और उनका ब्यौरा क्या है और वहां कितने लोग उग्रवादियों द्वारा मारे गये ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस संघ राज्य क्षेत्र में आतंकवादी हिंसा की घटनाओं में तेजी से वृद्धि, वहां पर आतंकवादियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने में आसूचना विभाग की विफलता के परिणामस्वरूप हुई है ;

(ग) वहां पर कितने उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है ; और

(घ) भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) संघ शासित क्षेत्र चंडीगढ़ में आतंकवादी हिंसा की छः घटनाएं हुईं । घटनाओं के ब्यौरे निम्न प्रकार से हैं —

1. 20-3-90 को सैक्टर 22 में बम विस्फोट ;
2. 4 जून, 1990 को सैक्टर 33 में गोलीबारी की घटना ;
3. छः जून, 1990 को सैक्टर 17 में उच्च शक्ति विस्फोटक पदार्थ का विस्फोट ;
4. 10 जुलाई, 1990 को सेक्टर 20/30 और सेक्टर 32/33 के चौराहे पर गोलीबारी की घटना ;
5. 11-7-90 को सेक्टर 26 पुलिस स्टेशन में बम विस्फोट की घटना ; और
6. 23-7-90 को सैक्टर 26 में गोलीबारी की घटना । उग्रवादियों द्वारा कुल 12 व्यक्ति मारे गए ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् । चंडीगढ़ पुलिस पर्याप्त चौकस और सतर्क है और आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही है ।

(ग) 14 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है ।

(घ) संघ शासित क्षेत्र प्रशासन द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के आने और ठहरने के संभावित स्थानों पर सतर्कता/निगरानी रखने, मुख्य प्रवेश मार्गों पर 24 घंटे निगरानी रखने, प्रमुख स्थानों पर डब्ल्यू. टी. सैट तंत्र स्थापित करने, दिन-रात गश्त लगाने और प्रमुख स्थानों पर पुलिस टुकड़ियां तैनात करने और पड़ौसी राज्य पुलिस एजेन्सियों के साथ सूचना का आदान-प्रदान करने जैसे निवारणात्मक और एहितयाती उपाय किए हैं ।